उदासीनता ▶ कमीशन का खेल या मरीजों की सेहत से खिलवाड़, जांच के घेरे में पूरा सिस्टम

# उमरिया में 22 पैथोलॉजी बिना पंजीयन हो रहीं संचालित



**नवभारत उमरिया 28 जून।** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 33 पैथोलॉजी लैब संचालित हो रही हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ 11 पैथोलॉजी का ही वैध पंजीयन है यानी करीब 22 पैथोलॉजी बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित होने का दावा किया जा रहा है।

यदि यह तथ्य सही है तो यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि मरीजों की जान और स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मामला है। स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी है कि बिना पंजीयन किसी भी पैथोलॉजी का संचालन नहीं होने दिया जाए। इसके बावजूद जिले में बड़ी संख्या में लैब खुलकर काम कर रही हैं।

### क्या स्वास्थ्य विभाग ने आंखें मूंद ली हैं?

सवाल यह है कि जब इन संस्थानों का पंजीयन ही नहीं है तो आखिर इनके संचालन पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। क्या विभाग को इसकी जानकारी नहीं है या फिर सब कुछ जानते हुए भी आंखें मूंद ली गई हैं।

### लैब को जरूरी सामग्री विभागीय कर्मी उपलब्ध कराते हैं

मामले को और गंभीर बनाने वाला आरोप यह है कि कुछ अस्पतालों से पैथोलॉजी लैब को आवश्यक सामग्री भी विभागीय कर्मचारियों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। यदि यह आरोप सही साबित होते हैं तो यह केवल अनियमितता नहीं, बल्कि सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का भी मामला बन सकता है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### गलत रिपोर्ट आने की संभावना

विशेषज्ञों का कहना है कि पैथोलॉजी रिपोर्ट के आधार पर ही डॉक्टर मरीज का इलाज तय करते हैं, यदि जांच किसी ऐसे संस्थान में हो रही है जो निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता, तो गलत रिपोर्ट आने की संभावना बढ़ जाती है। इसका सीधा असर मरीज के उपचार पर पड़ सकता है और कई बार गंभीर परिणाम भी सामने आ सकते हैं।

**▶ कई पैथोलॉजी जांच के नाम पर कर रही कारोबार**

चर्चा यह भी है कि जिले में कई पैथोलॉजी केवल जांच के नाम पर कारोबार कर रही हैं। मरीजों को विभिन्न अस्पतालों और क्लीनिकों से जांच के लिए भेजा जाता है। सूत्रों का दावा है कि इस पूरे नेटवर्क में कमीशन का खेल भी चल रहा है। जांच के लिए मरीज जितने अधिक भेजे जाते हैं, उतना ही आर्थिक लाभ जुड़े लोगों को मिलता है। यही वजह है कि नियमों की अनदेखी कर कई अवैध पैथोलॉजी भी बेखौफ तरीके से संचालित हो रही हैं।

### सभी पैथोलॉजी लैब का भौतिक सत्यापन कराया जाए

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जिले की सभी पैथोलॉजी लैब का भौतिक सत्यापन कराया जाए, उनके पंजीयन, उपकरणों, योग्य तकनीशियनों और गुणवत्ता मानकों की जांच की जाए। जो संस्थान नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होना जरूरी है ताकि मरीजों के स्वास्थ्य से कोई समझौता न हो।

### टीम गठित कर जांच की जाएगी : डॉ. चंदेल

इस पूरे मामले में जब मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीएस चंदेल से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी, यदि जांच में कोई पैथोलॉजी बिना पंजीयन या नियमों के विरुद्ध संचालित पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## आकाशीय बिजली गिरने से 13 वर्षीय बालक की मौत

**चिल्हारी नवभारत 28 जून।** मानपुर नगरपरिषद अंतर्गत सिगुड़ी में एक हृदय विदारक हादसा हुआ है। गौरव प्रजापति उम्र 13 वर्ष तेज हवाओं और बारिश के बीच महुआ का फल (गोही) बीनने जंगल की ओर गया था। इसी दौरान मौसम ने अचानक विकराल रूप ले लिया और मूसलाधार बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से गौरव उसकी चपेट में आ गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शुक्रवार की शाम 5.30 बजे हुई इस हृदय विदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। बताया जाता है कि हादसे की खबर के बाद परिजन बिना देर किए किशोर को मानपुर अस्पताल ले कर पहुंचे, पर दुर्भाग्य से तब तक गौरव की मृत्यु हो गई थी।

# चीतल को केला खिलाने पर एक्शन

▶ बांधवगढ़ में वन्यजीव से छेड़छाड़ पर होगी कार्रवाई, गाड़ी नम्बर से मालिक की तलाश में जुटा प्रबंधन



**चिल्हारी नवभारत 28 जून।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में उमरिया-ताला मार्ग पर एक कार सवार युवक ने सड़क किनारे खड़े चीतल को केला खिला दिया। इस घटना का वीडियो सोशल होने के बाद पार्क प्रबंधन अलर्ट हो गया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

यह घटना शनिवार को हुई। एक कार में सवार युवक ने सड़क किनारे घूम रहे चीतल को देखा और उसे पास बुलाकर केला खिलाने लगा। वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों और प्रत्यक्षदर्शियों ने युवक को ऐसा करने से मना भी किया और वन्यजीव नियमों का हवाला दिया, लेकिन वह नहीं माना। इसी बीच किसी ने इस पूरी हरकत का वीडियो बना लिया, जो बाद में वायरल हो गया।

**वाहन नंबर के आधार पर होगी कार्रवाई**-मामला सामने आते ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने तुरंत जांच के आदेश दे दिए हैं। बीटीआर के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच की जा रही है। कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर उसके मालिक और वाहन में सवार युवक की जानकारी निकाली जा रही है।

**वन्यजीवों को खाना खिलाना नियमों का उल्लंघन**-क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने साफ तौर पर कहा कि आरोपी की पहचान होते ही उसके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि टाइगर रिजर्व या वन क्षेत्र में किसी भी वन्यजीव को बाहरी खाद्य पदार्थ खिलाना, उन्हें परेशान करना या उनसे संपर्क बनाने की कोशिश करना कानूनन अपराध और नियमों का गंभीर उल्लंघन है।

# उमरिया में 133 मिमी कम बारिश, सूखे जैसे हालात




▶ धान की बुआई-रोपाई में देरी से किसान चिंतित

**नवभारत उमरिया 28 जून।** उमरिया जिले में पर्याप्त केवल 29.99 मिलीमीटर रहा है। कम बारिश के बारिश न होने से किसान चिंतित हैं। खरीफ सीजन कारण तापमान में वृद्धि और उमस का प्रभाव भी के कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं, खासकर धान की बुआई और रोपाई में देरी हो रही है।

आंकड़ों के मुताबिक, इस साल जिले में अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 133.02 मिलीमीटर कम बारिश दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 2.7 मिलीमीटर वर्षा हुई। क्षेत्रवार, बांधवगढ़ में 4.5 मिमी, मानपुर में 2.6 मिमी, पाली में 1.6 मिमी, चंदिया में 3.9 मिमी, करकेली में 2.6 मिमी और बिलासपुर में 3.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि नौरोजाबाद में कोई वर्षा नहीं हुई।

**धान की बुआई और रोपाई का काम पिछड़ रहा**-पिछले वर्ष इसी अवधि तक जिले में 163.01 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। किसान जितेंद्र ने बताया कि बारिश की कमी से धान की बुआई और रोपाई का काम पिछड़ रहा है। खेतों में सिंचाई के बावजूद तेज गर्मी के कारण है, जिससे फसल तैयार करने देखा जा रहा है।

**धान की खेती पर होगा गंभीर असर**-कृषि वैज्ञानिक डॉ. धनंजय सिंह के अनुसार, पर्याप्त वर्षा नहीं होने से सभी खरीफ फसलों की बुआई और रोपाई प्रभावित होगी। उन्होंने विशेष रूप से धान की खेती पर इसके गंभीर असर की बात कही। यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो कृषि कार्य और अधिक प्रभावित हो सकते हैं।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व 30 जून से होगा बंद

**चिल्हारी नवभारत।** उमरिया जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कोर जोन मे 30 जून के बाद यानी 1 जुलाई से पर्यटकों के लिए पर्यटन बंद हो जाएगा। यह व्यवस्था 1 जुलाई से 30 सितंबर तक जारी रहेगी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक ने बताया कि यह निर्णय वन्य प्राणियों के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस दौरान जिप्सी और पर्यटकों की आवाजाही से वन्य जीवों को परेशानी ना हो, इसलिए यह कदम उठाया गया है। बारिश के मौसम मे जंगल की सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और पुलियाओं से जुड़ी समस्याएं भी सामने आती हैं। इससे पर्यटकों की सुरक्षा को भी खतरा हो सकता है। यह व्यवस्था वन्य जीवों के संरक्षण और पर्यटकों की सुरक्षा दोनों को सुनिश्चित करने के लिए की गई है।

# ऑनलाइन ठगी के नए-नए तरीकों की दी जानकारी

▶ साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस का जनजागरूकता अभियान




**चिल्हारी नवभारत 28 जून।** बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन को डिजिटल ठगी से बचाने के उद्देश्य से चिल्हारी बस स्टैंड में अमरपुर चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह के नेतृत्व में व्यापक साइबर अपराध जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान पुलिस ने बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों, व्यापारियों, वाहन चालकों, छात्रों और ग्रामीणों से संवाद कर ऑनलाइन ठगी के नए-नए तरीकों की जानकारी दी। चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह ने कहा कि आज साइबर अपराधी फर्जी कॉल, मैसेज, लिंक, केवाईसी अपडेट, बैंक अधिकारी बनकर फोन, लॉटरी, नौकरी और निवेश के नाम पर लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मामलों में किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम कार्ड, सीवीवी, यूपीआई पिन या पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करें।

### 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं

उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है तो बिना समय गंवाए 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत करें या निकटतम पुलिस थाने से संपर्क करें। समय पर शिकायत करने से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

### साइबर सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए

अभियान के दौरान पुलिस ने साइबर सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए और नागरिकों को डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया। लोगों ने भी अभियान की सराहना करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया। चौकी प्रभारी ने कहा कि सतर्क रहें, सुरक्षित रहें—साइबर अपराधियों से बचें, किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या लालच में नहीं आएं।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर रमाकांत तिवारी, दिनेश गुप्ता,मोहन कुशवाहा, विनीत जयसवाल, अनिल द्विवेदी, राकेश श्रीवास्तव,राजू मजूमदार,दिन्नू साहू, शिवप्रसाद कोल , दीपू सोनी मौजीलाल साहू अमरपुर चौकी स्टाफ एस आई पुष्पराज सिंह, प्रधान आरक्षक गौरव तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी,पवन सागर,सुभाष जायसवाल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# मन की बात कार्यक्रम में अमरपुर मण्डल जिले में प्रथम

**अमरपुर नवभारत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में एक बार फिर से भाजपा मंडल अमरपुर ने जिले में बाजी मारी हैं और इस बार प्रदेश स्तर में भी अमरपुर मण्डल ने 52 वां स्थान हासिल किया हैं। जोकि अपने आप में सराहनीय हैं।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा मंडल अमरपुर के सभी कार्यकर्ताओं ने हर बूथ में जाकर कार्यक्रम करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसके कारण अमरपुर मण्डल को यह उपलब्धि प्राप्त हुई हैं। जिसमें मण्डल, सभी पदाधिकारी, मण्डल के शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्रों के पंच परममेश्वर, बूथ के सभी त्रिदेवों ने अपने अपने बूथ पर समय से मन की बात कार्यक्रम देखा और सुना, जिससे मण्डल अमरपुर पुन: प्रथम स्थान करने में सफल रहा।

# समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

▶ जिला कार्यक्रम अधिकारी ने मेंहदवानी परियोजना की समीक्षा की



**शहपुरा नवभारत 28 जून।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी माधुरी रजक एवं सहायक संचालक वंदना धुमकेती ने परियोजना मेंहदवानी की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में विभागीय योजनाओं एवं विभिन्न पोर्टलों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में पोषण ट्रैकर, सम्पर्क एप, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार, पंखुड़ी पोर्टल, आधार आईडी सहित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।

**लापरवाही पाए जाने पर होगी कार्यवाही**-जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कम प्रगति वाले केंद्रों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिवस के भीतर लंबित कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय-सीमा में अपेक्षित प्रगति नहीं होने अथवा लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रभारी परियोजना अधिकारी यशोदा भलावी, परियोजना के सभी पर्यवेक्षक एवं बीसी भी उपस्थित रहे।

**व्यवस्थाओं का किया अवलोकन**-बैठक के उपरांत जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र इमलई माल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पोषण वाटिका, टीवी एवं वाटर प्यूरीफायर जैसी सुविधाओं के संचालन की जानकारी ली तथा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के समय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पावित्री पट्टा एवं सहायिका उपस्थित रहीं।

## अयोध्या व वाराणसी के लिए 31 जुलाई को रवाना होगी ट्रेन

**चिल्हारी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या और वाराणसी के दर्शन के लिए विशेष ट्रेन 31 जुलाई को रवाना होगी। कलेक्टर राखी सहाय ने बताया कि इस यात्रा के लिए जिले को 262 यात्रियों का कोटा आवंटित किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जो आयकरदाता नहीं हैं, तीर्थ यात्रा के पात्र होंगे। महिलाओं को आयु सीमा में दो वर्ष की छूट प्रदान की गई है। कलेक्टर ने बताया कि 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे आवेदक, जो अकेले यात्रा करना चाहते हैं, उन्हें एक सहायक साथ ले जाने की अनुमति होगी। इसके अलावा, 65 वर्ष से अधिक आयु के 3 से 5 व्यक्तियों के समूह को भी एक सहायक ले जाने की पात्रता रहेगी। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार इच्छुक पात्र नागरिक 17 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।



# घायल अवस्था में मिला बाघ

▶ पनपथा बफर में इलाज कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा, निगरानी जारी

**चिल्हारी नवभारत 28 जून।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर परिक्षेत्र के बिरुहली बीट मे एक बाघ घायल अवस्था मे मिला। घायल मिले करीब तीन वर्षीय नर बाघ का रविवार को सफल इलाज किया गया। पार्क प्रबंधन की टीम ने इलाज के बाद बाघ को उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया है। वन विभाग की टीम हाथियों और गश्ती दल की मदद से उसकी लगातार निगरानी कर रही है।बताया जाता है कि गश्ती दल को बाघ के एक पैर में चोट लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही क्षेत्र संचालक,वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स और वन अमले द्वारा बाघ की ट्रैकिंग शुरू कर बाघ का पता लगाया गया।

इसके बाद वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी ने उसे ट्रैंकुलाइज कर इलाज किया। इस दौरान बाघ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और जांच के लिए ब्लड सैंपल भी लिया। उपचार पूरा होने के बाद बाघ को उसी वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया गया। वन अमले द्वारा हाथियों की मदद से लगातार निगरानी की जा रही है।




# जल की कमी से जीवन खतरे में पड़ सकता है : धुर्वे

▶ ग्राम अलोनी में जल गंगा संवर्धन का बावड़ी उत्सव के साथ समापन

**अमरपुर नवभारत 28 जून।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर के तत्वाधान एवं जिला तथा विकासखंड प्रशासन के निर्देशन तथा जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान और विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे के मार्गदर्शन में 19 मार्च से जल गंगा संवर्धन प्रारंभ होकर 28 जून को ग्राम अलोनी तालाब में बावड़ी उत्सव के साथ समापन हुआ।

इसमें स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच गजेंद्र सिंह ठाकुर एवं क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता गुलाब सिंह ठाकुर, साहब लाल, पुषाम की उपस्थिति में सर्वप्रथम तालाब में श्रमदान के माध्यम से तालाब की साफ सफाई की गई तथा कलश यात्रा के साथ 31 दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन कर घाट को रंगरोगन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

**अभियान की रूपरेखा बताई गई**-कार्यक्रम शुभारंभ के पश्चात जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए बावड़ी उत्सव कार्यक्रम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की रूपरेखा बताई गई। इसके उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा जल के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

**जल स्त्रोतों की साफ सफाई जरूरी**-जल के संरक्षण की जानकारी देते हुए बताया गया कि हम वर्तमान में भौतिक संसाधनों के ऊपर निर्भर न होकर गांव में जितने भी जल स्त्रोत कुआ, तालाब, नदी, झरने इत्यादि जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं संरक्षण जन सहभागिता और सामूहिकता से करते रहना अनिवार्य हैं अन्यथा आने वाले समय में जल की कमी से जीवन का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता हैं।

**इनकी रही उपस्थिति**-कार्यक्रम में नवांकुर संस्था से गणेश कैवर्थ, अरविंद यादव, राकेश मरावी परामर्शदाता राधेश्याम बनवासी, मनोज कुमार तंतुवाय, लाल सिंह ठाकुर, तिलक सिंह सैयाम प्रस्फुटन समिति अलोनी से संतोषी रघुवंशी कमला, मालती एवं सभी समिति के कार्यकर्ता तथा ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम यादव, रत्तू सिंह, कमला कृषि मित्र, रितु आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मालती आशा कार्यकर्ता, जितेंद्र यादव, सचिव हरपाल सिंह एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

अभियान ▶ जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो ने बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की दवा

# शहपुरा से पोलियो के खिलाफ जंग का हुआ आगाज



**शहपुरा नवभारत 28 जून।** पोलियो जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में किया गया।

अभियान की शुरुआत जनपद पंचायत शहपुरा की अध्यक्ष प्रियंका आर्मो ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर की। यह विशेष अभियान 30 जून तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो ने कहा कि पोलियो मुक्त समाज का सपना तभी साकार होगा, जब हर अभिभावक अपने बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाए।

**कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित नहीं रहे**-उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित नहीं रहे। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री राजेंद्र तिवारी, बीएमओ डॉ. रत्नेश द्विवेदी, डॉ. राजीव साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, एएनएम, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने पोलियो उन्मूलन के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

**पोलियो दिव्यांगता का कारण बनने वाली बीमारी है**-स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पहले दिन बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई, जबकि आगामी दिनों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर उन बच्चों को भी दवा पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। अधिकारियों ने कहा कि पोलियो एक गंभीर और स्थायी दिव्यांगता का कारण बनने वाली बीमारी है, लेकिन समय पर दो बूंद दवा पिलाकर इससे पूरी तरह बचाव संभव है। इसलिए प्रत्येक पल्स पोलियो अभियान में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं, चाहे उनका नियमित टीकाकरण पूरा हो चुका हो।

**▶ मानपुर में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत**



**चिल्हारी नवभारत 28 जून।** जिले के मानपुर मे तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई। इसके तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र मांझी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई।इसके अलावा बस स्टैंड, ताला मोड़ सहित अन्य स्थानों पर भी पोलियो की दवा पिलाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद रहे जो बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाये। **कुल 840 पोलियो बूथ स्थापित किये गए**-उमरिया जिले के तीनों विकासखण्डो मे कुल 840 पोलियो बूथ स्थापित किये गए जहां 1 लाख से अधिक बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।जिला मुख्यालय पर कलेक्टर राखी सहाय ने एक बच्चे को दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के सफल संचालन के लिए 2 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों को पहले से ही जागरूक किया है ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहे।